उत्तर प्रदेश में घाटे में चलने वाली मिलें

1746. श्री शान्ति त्यागी : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र की वस्त्र मिलें भारी घाटे में चल रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान हुए घाटे का ब्यौरा क्या क्या है ; और

(ग) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में घाटे में चलने वाली सभी वस्त्र मिलों को बन्द करने का निर्णय लिया है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) जी हां ।

(ख) अप्रैल—दिसम्बर, 1991 के दौरान एन० टी० सी० (यू० पी०) लिमिटेड के अंतर्गत 11 मिलों द्वारा उठाए गए निवल लाभ/घाटे के मिलवार ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :—

(अनन्तिम)
(करोड़ रुपए में)

1.	श्री विक्रम कॉटन मिल्स	−1.45
2.	बिजली कॉटन मिल्स	−1.22
3.	स्वदेशी कॉटन मिल्स मऊनाथ भंजन	−0.69
4.	रायबरेली टैक्स० मिल्स	−0.57
5.	स्वदेशी कॉटन मिल्स, नैनी	−1.43
6.	मयूर मिल्स	−5.45
7.	न्यू विक्टोरिया मिल्स	−5.62
8.	लार्ड कृष्णा टैक्स० मिल्स	−2.13
9.	स्वदेशी कॉटन मिल्स	−6.90
10.	लक्ष्मीरतन कॉटन मिल्स	−10.82
11.	ग्रयर्टन मिल्स, कानपुर	−9.00

(ग) जी नहीं ।

उत्तर प्रदेश में हस्तशिल्प का विकास

1747. श्री ईशदत्त यादव : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने उत्तर प्रदेश में हस्तशिल्प क्षेत्र के विकास के लिए जिलेवार क्या लक्ष्य निर्धारित किए थे ;

(ख) इन लक्ष्यों को किस सीमा तक प्राप्त कर लिया गया है ; और

(ग) उत्तर प्रदेश में हस्तशिल्प के विकास हेतु सरकार के समक्ष कौन से प्रस्ताव विचाराधीन हैं और इनका ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) और (ख) हस्तशिल्प के विकास के लिए कोई राज्यवार/ जिलावार लक्ष्य निर्धारित नहीं किए जाते हैं ।

(ग) एक विवरण संलग्न है ।

विवरण

उत्तर प्रदेश में हस्तशिल्प के विकास के लिए निम्नोक्त प्रस्ताव विकास आयुक्त, हस्तशिल्प, कार्यालय के विचाराधीन हैं :—

(1) स्व नियोजित महिला एसोसिएशन द्वारा महिला जरी कर्मचारियों के लिए लखनऊ में शिल्प विकास केंद्र स्थापित करना ।

(2) उत्तर प्रदेश निर्यात निगम लिमिटेड, कानपुर द्वारा कलकत्ता/मद्रास/जयपुर/ दिल्ली में नए एम्पोरियम खोलना ।

(3) उत्तर प्रदेश निर्यात निगम लिमिटेड, कानपुर द्वारा दिल्ली में वर्तमान शोरूम का नवीकरण करना ।